हरिभूमि
रायपुर भूमि



सीएमएचओ कार्यालय में खुले में पड़े



# कबाड़ होने लगे जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर, खुले में डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*कोरोना महामारी के दौरान संक्रमितों के लिए जीवन रक्षक साबित होने वाले जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर अब कबाड़ में तब्दील होने लगे हैं। इनका उपयोग नहीं होने की वजह से सीएमएचओ कार्यालय में पॉलिथीन से ढककर खुले में रखा गया है। इसी तरह महामारी के दौरान तैयार किए गए कई संसाधन बेकार पड़े हैं।*

*आपदा के दौरान लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और उन्हें कृत्रिम ऑक्सीजन की जरूरत पड़ रही थी। प्रदेश में शासकीय के साथ निजी सेक्टरों में भी उपयोग किए जाने वाले सिलेंडरों की मदद से अस्पतालों तक ऑक्सीजन पहुंचाकर लोगों की जान बचाने का प्रयास किया जा रहा था। आपदा का कठिन समय बीतने के बाद उस दौरान उपयोग किए जाने वाले संसाधनों को स्वास्थ्य केंद्रों में डंप कर दिया गया, जो समय बीतने के साथ कबाड़ के रूप में परिवर्तित होने लगा है। ऐसे ही जंबो ऑक्सीजन सिलेंडर बड़ी संख्या में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में डंप पड़े हुए हैं।* ▶▶| शेष पेज 18 पर

## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्घकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## हाईवे पेट्रोलिंग की कार ढाई लाख किलोमीटर से ज्यादा चल चुकी

# ट्रैफिक पुलिस ने चार साल में कमाए 24 करोड़ पर हालत ऐसी कि उसके 32 में से 22 वाहन जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पुलिस विभाग में ट्रैफिक विंग एक ऐसा विंग है, जहां से पुलिस को चालानी कार्रवाई से आमदनी होती है। बावजूद इसके ट्रैफिक पुलिस के पास बल की कमी एक दशक से ज्यादा समय से चली आ रही है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस को पूर्व में जो संसाधन मिले थे, उसी से अब तक काम चलाया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस के लिए जरूरी पेट्रोलिंग वाहन जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। हाईवे पेट्रोलिंग में शामिल तीन में से एक कार तीन लाख किलोमीटर से ज्यादा चल चुकी है। शेष अन्य दो कार सवा दो लाख किलोमीटर से ढाई लाख किलोमीटर तक चल चुकी है। गौरतलब है कि शहर की ▶▶| शेष पेज 18 पर

### हाईवे पेट्रोलिंग को मदद की जरूरत

हाईवे में एक्सीडेंट होने की स्थिति में या किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से निपटने रायपुर ट्रैफिक पुलिस के पास तीन हाइवे पेट्रोलिंग करने कार दी गई है। उनमें से एक कार सीजी 03- 6098 सवा तीन लाख किलोमीटर से ज्यादा चल चुकी है। गौरतलब है कि हाईवे पेट्रोलिंग में चलने वाली कार की स्थिति जर्जर होने की स्थिति में ट्रैफिक पुलिस रोड एक्सीडेंट होने की स्थिति में घायलों को मदद करने समय पर कैसे पहुंच सकती है। इसके साथ ही विषम परिस्थिति आने पर उससे निपटने रिस्पांस टाइम में ट्रैफिक पुलिस कैसे पहुंच सकती है।





### चार साल में आमदनी तीन गुना

संसाधनों से जूझ रहे ट्रैफिक पुलिस की आमदनी में साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। तीन वर्ष पूर्व वर्ष 2021 में 67 हजार 63 चालानी कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस को दो करोड़ 92 लाख रुपए की आमदनी हुई है। वर्ष 2022 में पौने पांच करोड़ रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई। वर्ष 2023 में नौ करोड़ रुपए की आमदनी हुई। इस वर्ष अगस्त तक आठ महीने में सात करोड़ 16 लाख रुपए चालानी कार्रवाई से आमदनी हुई है।

### चार साल में आमदनी तीन गुना

संसाधनों से जूझ रहे ट्रैफिक पुलिस की आमदनी में साल दर साल बढ़ोतरी हो रही है। तीन वर्ष पूर्व वर्ष 2021 में 67 हजार 63 चालानी कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस को दो करोड़ 92 लाख रुपए की आमदनी हुई है। वर्ष 2022 में पौने पांच करोड़ रुपए से ज्यादा की आमदनी हुई। वर्ष 2023 में नौ करोड़ रुपए की आमदनी हुई। इस वर्ष अगस्त तक आठ महीने में सात करोड़ 16 लाख रुपए चालानी कार्रवाई से आमदनी हुई है।

### ...ऐसे में कैसे खोलेंगे नया ट्रैफिक थाना

*ट्रैफिक पुलिस ने नवा रायपुर में ट्रैफिक थाना खोलने तथा अलग सेटअप बनाने प्रस्ताव तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेजा है। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद नवा रायपुर में ट्रैफिक पुलिस का नया सेटअप शुरू किया जाएगा। राजधानी में ट्रैफिक पुलिस के पास पर्याप्त बल नहीं होने के साथ संसाधनों की कमी है, ऐसे में नवा रायपुर में नया ट्रैफिक थाना खोलना कैसे संभव होगा।*

### प्रस्ताव बनाकर भेजा गया

*नए पेट्रोलिंग वाहन के लिए पुलिस लाइन के माध्यम से मुख्यालय को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। मुख्यालय से अनुमति मिलने के बाद पेट्रोलिंग तथा हाईवे पेट्रोलिंग वाहन को बदला जाएगा।*

*- गुरजीत सिंह, ट्रैफिक डीएसपी*

# हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बड़ी लापरवाही, ग्रेनाइट पत्थर बच्चे के पैर पर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र स्थित भावना नगर हाउसिंग बोर्ड कालोनी चिल्फी हाईट्स में हाउसिंग बोर्ड की लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा होने से टल गया। कालोनी में लगी लिफ्ट के पास एक बड़ा सा ग्रेनाइट पत्थर बच्चे के पैर पर गिर गया। पत्थर गिरने से बच्चे का पैर बुरी तरह से छिल गया, जिसे उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।



बच्चे के पिता महेंद्र तांती के अनुसार मंगलवार को उसका 12 वर्षीय बेटा अविनाश कालोनी के बाहर खेल रहा था। बच्चे वापस अपने घर आने लिफ्ट के पास पहुंचे। इसी दौरान एक बड़ा ग्रेनाइट पत्थर करीब सात फीट ऊपर से टूटकर बच्चे के पैर पर गिर गया। चीख-पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और अविनाश को उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए।

### मेंटेनेंस लेने के बाद खानापूर्ति

महेंद्र के अनुसार लिफ्ट के पास लगी दीवार में ग्रेनाइट पत्थर के टूटकर गिरने की आशंका पहले ही व्यक्त की गई थी। इसके लिए हाउसिंग बोर्ड के कार्यालय में लिखित के साथ मौखिक शिकायत भी की गई। हाउसिंग बोर्ड प्रबंधन ने मरम्मत के नाम पर केवल लीपापोती की, जिसकी वजह से घटना हुई। हाउसिंग बोर्ड कालोनी वासियों से मेंटनेंस के नाम पर हर माह साढ़े 12 सौ रुपए वसूल करता है। बावजूद इसके कालोनी में किसी तरह से मेंटनेस नहीं होने का कालोनी वासियों ने आरोप लगाया है।

## हटने का मूड बना चुके पुराने अधिष्ठाता, कामकाज पर दिख रहा असर

# बदले जाएंगे सरकारी मेडिकल कालेजों के डीन अटकलों के बीच काम फंसा, फाइल भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में संचालित शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं को बदले जाने की फाइल अटक गई है। मेडिकल कालेज में उच्च स्तर पर होने वाले बदलाव की चर्चा महीनेभर से है। आदेश जारी होने की तारीख पर लगाए जाने वाले अनुमान के बीच कालेजों के कामकाज पर भी इसका असर दिखने लगा है। विभागों से भेजे गए प्रस्तावों पर डीन इसलिए निर्णय नहीं ले रहे हैं कि जल्द तबादला हो जाएगा।

राज्य में अभी दस शासकीय मेडिकल कालेजों का संचालन हो रहा है। छह कालेजों में नियमित डीन सेवारत हैं और चार चिकित्सा महाविद्यालयों का कामकाज प्रभारी ▶▶| शेष पेज 18 पर



### बदलाव सतत प्रक्रिया

शासकीय कामकाज में अधिकारी-कर्मचारियों का बदलाव सतत प्रक्रिया होती है। इसके लिए की प्रक्रियाओं को पूरा करना आवश्यक होता है। ट्रांसफर अथवा बदलने जाने की चर्चा का असर नियमित कार्यों पर नहीं होना चाहिए।

- श्याम बिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य मंत्री

### चिकित्सा अधीक्षक का बदलाव भी

कई सरकारी मेडिकल कालेजों में चिकित्सा अधीक्षक भी बदले जाने की चर्चा भी उस समय से हो रही है। रायपुर समेत कुछ मेडिकल कालेजों में अंतिम नाम भी तय हो चुके हैं मगर आदेश जारी नहीं होने की वजह से मामला अटका हुआ है। डीन के नियुक्ति के लिए चिकित्सकों की वरिष्ठता को पैमाना माना जाता है कि जबकि चिकित्सा अधीक्षक का कामकाज विभागाध्यक्ष को दिया जा सकता है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए जाते हैं।

### जरूरत है छह डीन की

राज्य के छह मेडिकल कालेजों का कामकाज अभी प्रभारी डीन के भरोसे चल रहा है। चिकित्सा शिक्षा संचालक डॉ. यूएस पैंकरा जगदलपुर मेडिकल कालेज के डीन है और कांकेर चिकित्सा महाविद्यालय के प्रभार संभाल रहे हैं। हाल ही में प्रशासनिक लापरवाही के आरोप में निलंबित किए गए बिलासपुर मेडिकल कालेज के डीन डॉ. केके सहारे की जगह डा. रामनरेश मूर्ति को प्रभार दिया गया है, जो अंबिकापुर चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता हैं। इसी तरह महासमुंद और दुर्ग के शासकीय मेडिकल कालेज के अधिष्ठाता की जिम्मेदार प्रभारी संभाल रहे हैं, जहां नियमित पदस्थापना का इंतजार किया जा रहा है। इधर, रायपुर समेत कुछ कालेजों में भी फेरबदल की चर्चा है।

## खबर संक्षेप

### चेक बाउंस, कारोबारी को तीन माह कैद

**रायपुर।** चेक बाउंस के एक मामले में प्रथम श्रेणी न्यायायिक मजिस्ट्रेट आलोक अग्रवाल की कोर्ट ने कारोबारी अमित बैनर्जी को तीन माह कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कारोबारी को तीन लाख रुपए प्रतिकार अदा करने का आदेश भी दिया है। तुषार मजूमदार के वकील कृष्णा शर्मा के मुताबिक अमित ने तुषार से वर्ष 2018 में तीन लाख रुपए उधार लिया था। इसके एवज में चेक दिया था। बैंक में अमित के अकाउंट में पर्याप्त राशि नहीं होने की वजह से चेक बाउंस हो गया। प्रतिकार की राशि अदा नहीं करने पर कोर्ट ने अमित को अतिरिक्त 15 दिन की सजा सुनाई है। '

## हर बोतल पर होगा कीमत का स्टीकर

### आबकारी विभाग ने जारी की सूची और रेट लिस्ट

# छत्तीसगढ़ में अब होंगे शराब के 300 से अधिक ब्रांड, नई खेप आना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब के शौकीनों के लिए यह खबर काम की है कि अब सरकारी शराब दुकानों में पीने वालों की पसंद का ख्याल रखते हुए तीन सौ से अधिक ब्रांड उतारने की तैयारी हो गई है। खास बात ये है कि नई ब्रांड की पहली खेप आ गई है और आबकारी विभाग ने इनकी चिल्हर बिक्री का नया रेट भी जारी कर दिया है। अभी जिन ब्रांड के रेट जारी किए गए हैं, वे एक अक्टूबर से 31 मार्च 2025 तक लागू रहेंगे।

सरकार ने अब राज्य में शराब खरीदी का काम ब्रेवरेज कार्पोरेशन के हवाले कर दिया है। कार्पोरेशन ने शराब खरीदी के लिए देश के कई राज्यों के शराब निर्माता कंपनियों से रेट कांट्रेक्ट कर लिया है। बताया गया है कि अलग-अलग कंपनियों के 300 से ▶▶| शेष पेज 18 पर



### राजस्व बढ़ाना भी है लक्ष्य

छत्तीसगढ़ की सरकारी शराब दुकानों में नए-नए ब्रांड उपलब्ध कराने के पीछे सरकार का इरादा ये है कि पीने वालों को उनकी पंसद के ब्रांड मिल सके। इसके साथ ही जो प्रचलित ब्रांड है वे भी दुकान में मिले। इसके साथ ही सरकार आबकारी से मिलने वाले राजस्व को बढ़ाना भी चाहती है। बताया गया है कि पिछले वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ से मिलने करीब 6 हजार करोड़ रुपयों का राजस्व मिल रहा था, लेकिन अब सरकार इस करीब दुगना करने का तैयारी में है। चालू वित्तीय वर्ष में आबकारी राजस्व का लक्ष्य 11 हजार करोड़ रुपयों के आसपास है।

### अब बोतल पर चस्पा होगी कीमत की पर्ची

राज्य सरकार के वाणिज्यककर आबकारी विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर 1 अक्टूबर 31 मार्च 2025 की अवधि के लिए विदेशी मदिरा स्प्रिट, माल्ट के फुटकर विक्रय का दरों का ब्योरा भेजा है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कार्पोरेशन से कहा गया है कि फुटकर विक्रय दर को कार्पोरेशन के गोदामों में संग्रहित मदिरा लेवल पर सुस्पष्ट बड़े अंकों में स्टिकर चस्पा करने के बाद ही विदेशी मदिरा की दुकानों के लिए प्रदाय करें। मदिरा दुकानों में जांच के दौरान बोतल पर स्टीकर चस्पा होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो गोदाम प्रभारी के खिलाफ अनुशासन की कार्रवाई की जाएगी।




sumit

# शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...



शुभ नवरात्रि




## शारदीय नवरात्रि

नवरात्रि का त्यौहार भारत में बहुत ही धूम-धाम से मनाया जाता है। नवरात्रि 9 दिनों का एक बड़ा त्यौहार है जिसमें देवी दुर्गा की पूजा-अर्चना बहुत ही उत्सव के साथ की जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसमें 'नव' का अर्थ है नौ दिन तथा 'रात्रि' अर्थ है रात।

भारत में नवरात्रि का त्यौहार 9 दिनों तक बहुत ही बड़े तौर पर मनाया जाता है। नवरात्रि त्यौहार के आखिरी दिन विजयदशमी या दशहरा का उत्सव मनाया जाता है। रामायण के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। इस कारण सभी मोहल्लों और बड़े मैदानों में लोग रावण के बड़े पुतलों को जला कर (रावण दहन) करके खुशियों के साथ इस त्योहार को मनाते हैं।


नवरात्रि त्यौहार के दौरान पूरे पारंपरिक तथा रीति रिवाज के साथ देवी दुर्गा माँ के 9 अवतारों की पूजा की जाती है। माता दुर्गा के 9 रूपों के नाम हैं-

शैलपुत्री
ब्रह्मचारिणी
चन्द्रघंटा
कुष्मांडा
स्कंदमाता
कात्यायनी
कालरात्रि
महागौरी
सिद्धिदात्री।


















शारदीय नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं...

मानक पथप्रदर्शक:

आपका 33 सालों का विश्वास

संदीप ज्वेलर्स

के साथ

महोत्सव महीना

नवरात्री से छट पूजा तक

सोने और चांदी की खरीदी पर

निश्चित उपहार पायें

चांदी की बनवाई
मात्र ₹7

सोना की बनवाई
पर 10% छूट

T&C Apply

# Satvika Creation : 75660 59234, 93012 88919

त्योहारों के महोत्सव माह में
1 लाख की खरीदी पर निश्चित

₹2024
का लाभ


18
न्याय यात्रा का शहर में जगह-जगह...

## लाइव इवेंट

### राजधानी पहुंचा 'भीष्म टैंक'



**रायपुर।** भव्य सैन्य समारोह के लिए भारतीय सेना का भीष्म टैंक अन्य आर्टिलरी नवा रायपुर स्थित सेंटर में पहुंच गई है। तीन अक्टूबर को सुबह इन्हें प्रदर्शनी स्थल साइंस कॉलेज मैदान लाया जाएगा। एक रैली के रूप में जिला प्रशासन द्वारा इसका स्वागत इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय जोरा के मुख्य गेट पर सुबह आठ बजे किया जाएगा। गौरतलब है कि 5 एवं 6 अक्टूबर को साइंस कॉलेज ग्राउंड में होने भव्य सशस्त्र सैन्य अभ्यास में सेना के जवान अपने शौर्य तथा पराक्रम का प्रदर्शन करेंगे। जिसका पूर्वाभ्यास साइंस कॉलेज मैदान में बुधवार को किया गया।

#### डेयर डेविल स्टंट का रोमांच

*जवानों ने डेयर डेविल स्टंट में विभिन्न आकार बनाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। वहीं जवानों ने खुखरी घुमाते हुए लाजवाब खुखरी डांस किया। कृषि विवि से प्रारंभ होने वाली रैली आज तेलीबांधा, मरीन ड्राइव, कलेक्ट्रेट, जयस्तंभ, आश्रम चौक होते हुए साइंस कॉलेज मैदान तक आएगी। इसमें सैकड़ों की संख्या में सेना के जवान शामिल होंगे।*

## समाज लाइव

### ओडिशा, झारखंड से पहुंचे मसीही बताई जीवनसाथी से अपनी उम्मीदें



**रायपुर।** राजधानी में बुधवार को मसीही युव-युवती परिचय सम्मेलन चर्च ऑफ गॉड में आयोजित किया गया। सम्मेलन के दौरान निर्धन परिवारों के युवाओं का विवाह कराने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा व झारखंड से 450 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया। 12 युवाओं का रिश्ता कार्यक्रम के दौरान ही तय हो गया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता चर्च ऑफ गॉड के पादरी थॉमस मामन रहे। विशिष्ट अतिथि सेंट पाल्स कैथेड्रल के पास्ट्रेट कोर्ट के चेयरमेन व समाजसेवी जॉन राजेश पॉल रहे। सम्मेलन में लगभग 500 से अधिक समाज के सदस्य उपस्थित रहे। पादरी पी.अनिल कुमार, पादरी शिमोन पतरस, पादरी जेडब्लू दास, पादरी केदार मित्तल व मनोज नायक सहित अन्य समाज जन मौजूद रहे।

#### परमेश्वर की ओर से मिलता है जीवनसाथी

इस अवसर पर मुख्य वक्ता ने बाइबिल के उद्धरण देकर उपस्थित लोगों को सीख दी। जिसमें सही जीवन साथी के चयन करने की बात कही गई। उन्होंने कहा जीवन साथी परमेश्वर की ओर से मिलता है। हमें विषय प्रार्थना में रखकर ईश्वर से मार्गदर्शन लेना चाहिए। कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप लगातार परिचय सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। इससे विवाह योग्य युवक-युवतियों के पालकों को मदद मिल रही है। जिसमें विधवा-विधुर को भी जीवन साथी तलाशने का मौका दिया जा रहा है।

## सिटी इवेंट

### नाट्य विधा में बच्चों की मासूम अदाकारी







**रायपुर।** अग्रसेन जयंती महोत्सव का बुधवार को अंतिम दिन रहा। अग्रसेन धाम में समाज द्वारा प्रतिदिन कई तरह के आयोजन किए जा गए। इसमें बुधवार को दोपहर तीन बजे महिला सम्मेलन का आगाज महासमुंद की सांसद रूप कुमार चौधरी एवं शारदा अग्रवाल ने किया। अन्य आयोजन भी इस दौरान हुए। 'आपकी कहानी मेरी जुबानी' थीम पर किसी चर्चित चेहरे के पहनावे का तालमेल बनाकर दो मिनट में गरिमामय शब्दों का प्रयोग करते हुए प्रस्तुति देने के साथ ही विभिन्न रीमिक्स गानों पर डांस भी पेश किया। नाट्य कला के अंतर्गत महिलाओं और बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी। फैंसी ड्रेस में भी बच्चो ने मोहा। अन्य विधाओं में भी प्रतिभागियों ने प्रतिभा दिखाई। ज्योति अग्रवाल, विजय अग्रवाल, कैलाश मुरारका सहित अग्रवाल समाज के अन्य पदाधिकारी और समाजगण मौजूद रहे।

---

## राजधानी के शीर्ष आहार विशेषज्ञ बता रहे हैं, कैसे रखें नवरात्रि में अपना खान-पान

# 'डाइट' बनाएगा भक्ति और शक्ति में संतुलन

**रायपुर।** आदिशक्ति की आराधना का पर्व आज से प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही माता की भक्ति में रमने वाले भक्तों का नौ दिवसीय व्रत भी प्रारंभ हो जाएगा। व्रत में यदि अपने वजन के अनुसार संतुलित खान-पान किया जाए तो यह सेहत के वरदान साबित हो सकता है। शहर के आहार विशेषज्ञ बता रहे हैं कि किस तरह से विभिन्न वजन कैटगरी के व्यक्तियों को अपना खान-पान व्रत के दौरान रखना चाहिए।

### कम वजन वालों के लिए डाइट चार्ट



डॉ. अरुणा पल्टा
पूर्व कुलपति हेमचंद यादव विवि दुर्ग एवं डाइटिशियन



**प्रथम दिवस**
- सुबह- क्षमतानुसार मिक्स ड्राई फ्रूट्स, एक मनपसंद मौसमी फल, शकरकंद की खीर
- शाम- साबूदाना खिचड़ी, खीरा व दही का रायता

**द्वितीय दिवस**
- सुबह- मिक्स ड्राई फ्रूट्स, सेब, साबूदाने की खीर
- शाम- सिंघाड़े के आटे की रोटी, कच्चे केले की दही वाली सब्जी

**तृतीय दिवस**
- सुबह- पनीर, मखाना व ड्राई फ्रूट्स की खीर
- शाम- सांवा का उपमा, एक बड़ा बाउल दही

**चतुर्थ दिवस**
- सुबह- मिक्स ड्राई फ्रूट्स, अमरुद, आलू का हलवा
- शाम- सिंघाड़े के आटे का चीला, मूंगफली, काई भी एक फल, नारियल व दही की चटनी

**पंचम दिवस**
- सुबह- मिक्स ड्राई फ्रूट्स, लौकी का हलवा, संतरा
- शाम- सांवा, आलू व दही की सब्जी

**षष्टम दिवस**
- सुबह - मिक्स ड्राई फ्रूट्स, मूंगफली चाट
- शाम- सिंघाड़े के आटे की रोटी व लौकी की सब्जी

**सप्तम दिवस**
- सुबह - मिक्स ड्राई फ्रूट्स, गाजर की खीर
- शाम- कुट्टू के आटे का चीला, दही, नारियल, मूंगफली की चटनी

**अष्टम दिवस**
- सुबह- मिक्स ड्राई फ्रूट्स, पपीता, पनीर-पेठे का लड्डू
- शाम- कुट्टू के आटे की रोटी, उबले आलू व दही की सब्जी

**नवम दिवस**

सुबह- मिक्स ड्राई फ्रूट्स, शकरकंद का हलवा, कोई भी एक फल
शाम- सिंघाड़े के आटे की पुड़ी, कच्चे केले की दही का सब्जी
शरीर को बचाएं पानी की कमी से : आवश्यकतानुसार दिनभर में खजूर, नारियल पानी, दही की लस्सी, दूध वाली चाय, नीबू का शरबत, उबला सिंघाड़ा व मूंगफली खाया जा सकता है। दिनभर पानी पीते रहे, जिससे शरीर में पानी की कमी होने से बचा जा सके।

### अधिक वजन होने पर ऐसा हो डाइट प्लान



डॉ. योगिता यादव
डाइटिशियन डीकेएस अस्पताल



**प्रथम दिवस**
- सुबह- चिया सीड्स, भूना हुआ मखाना, दूध
- शाम- समा के चावल का पुलाव व दही का रायता

**द्वितीय दिवस**
- सुबह- नारियल पानी, 6-7 भीगा हुआ बादाम, एक सेब
- शाम- कुट्टी की रोटी व पनीर की सब्जी

**तृतीय दिवस**
- सुबह- सेब, पपीता व अमरुद फल का सलाद
- शाम- साबूदाना खिचड़ी के साथ पुदीने की चटनी

**चतुर्थ दिवस**
- सुबह- सबजा सीड्स के साथ फलों की स्मूदी
- शाम- सिंघाड़े के आटे की रोटी के साथ लौकी की सब्जी

**पंचम दिवस**
- सुबह- अजवाइन का डिटॉक्स वॉटर, राजगीरा का लड्डू
- शाम- समा चावल का खिचड़ी व दही

**षष्टम दिवस**
- सुबह- दालचीनी का डिटॉक्स वॉटर, फ्रूट्स स्मूदी
- शाम- कुट्टू के आटे का चीला व नारियल की चटनी

**सप्तम दिवस**
- सुबह- एक गिलास छाछ, फ्रूट्स या सब्जियों का सलाद
- शाम- वेजिटेबल दलिया, दही चटनी

**अष्टम दिवस**
- सुबह- दूध व भूना हुआ मखाना
- शाम- क्विनोआ पुलाव पुलाव, पुदीने की चटनी

**नवम दिवस**

सुबह- चीया सीड्स के साथ बादाम व मखाना की स्मूदी (बिना शक्कर के)
शाम- साबूदाने की टिक्की व दही चटनी
**वजन घटाना है तो ना करें शक्कर का प्रयोग :** अपने शरीर को दिनभर हाइड्रेट रखते रहें। दिनभर में 2-3 लीटर पानी पिएं। तले-भूने खाने से बचें, चीनी का उपयोग ना करें।

### समान्य वजन वाले व्यक्तियों के लिए आहार



डॉ. नेहा जैन
डाइटिशियन आंबेडकर अस्पताल



**प्रथम दिवस**
- सुबह- दूध, भीगा मेवा, सेब, बादाम मिल्क शेक, एक बाउल फल या मिक्स सलाद, नारियल पानी
- शाम- लौकी की सब्जी, राजगिरा की रोटी, छाछ, छेना की खीर और फल

**द्वितीय दिवस**
- सुबह- दूध व भीगा मेवा, कुट्टू पनीर चीला व दही, मौसमी फल, साबूदाने की टिक्की, एक बाउल मिक्स फल या सलाद
- शाम - मखाना, लौकी का गाढ़ा सूप, राजगीर की रोटी, दही

**तृतीय दिवस**
- सुबह- दूध, भीगा मेवा, सब्जियों के साथ कुट्टू चीला, नारियल पानी, फल, उबले आलू की सब्जी, सिंघाड़े के आटे की रोटी
- शाम - उबले आलू की सब्जी, सिंघाड़े के आटे की रोटी, मेवे की खीर

**चतुर्थ दिवस**
- सुबह- दूध, भीगा मेवा, राजगीरा का चीला, हर्बल चाय, शकरकंद चाट, अखरोट, जीरा पानी
- शाम - नारियल पानी, टमाटर का सूप, पनीर टिक्की, मखाना

**पंचम दिवस**
- सुबह- दूध, बादाम, पपीता शेक, नारियल पानी, आलू की सब्जी, सिंघाड़े के आटे की रोटी, अजवाइन का पानी।
- शाम- दही मखाना चाट, खीरे का सलाद, छाछ

**षष्टम दिवस**
- सुबह- दूध, भीगा मेवा, साबुदाने की खिचड़ी, पनीर, मिक्स फ्रूट सलाद
- शाम- अरबी की सब्जी, दही, कुट्टू की रोटी, अजवाइन का पानी, सूखा मेवा

**सप्तम दिवस**
- सुबह- फल, दूध, मेवा, लौकी की खीर, जीरा छाछ, दही, साबूदाने की खिचड़ी
- शाम- गुड़ व मखाना, पनीर टिक्का, दूध

**अष्टम दिवस**
- सुबह- फल, लौकी की खीर, नीबू का शरबत, राजगीर की पुरी, आलू की सब्जी, छाछ
- शाम- फलों का सलाद, साबूदाना खिचड़ी, खीरे का रायता, दूध

**नवम दिवस**

**सुबह-** फल, दूध, भीगा मेवा, कुट्टू पनीर डोसा, दही की चटनी, भीगा बादाम
**शाम-** दही-आलू चाट, मखाना, कुट्टू और मूंगफली, नारियल पानी
... तो नहीं होगी विटामिन की कमी : व्रत के दौरान मौसमी फलों का सेवन करें। इससे शरीर में विटामिन की कमी दूर होगी। ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें। नट्स खाने से हार्ट, शुगर, ब्लड प्रेशर, समस्या कम होती है। व्रत के दौरान डिहाइड्रेशन की समस्या से दूर रहने के लिए थोड़े-थोड़े समय पर दूध, जूस, पानी पीते रहें।

---





# जगमगाया माता देवाला...

### शहर के प्रमुख आस्था केन्द्रों में विधि-विधान से होगी घट स्थापना





**रायपुर।** हर साल की तरह इस शारदीय नवरात्र के लिए महामाया मंदिर, शीतला मंदिर, कंकाली मंदिर को रंग-बिरंगी लाइटों से रोशन किया गया है। माता के दरबार में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ नवरात्रि पूजा शुरू होगी। ज्योत-जंवारा जलाने की परंपरा भी निभाई जाएगी। इसके लिए बैगा-पंडा सहित पुरोहितों को भी जिम्मेदारी दी गई है। दूसरी तरफ अलग-अलग समितियों ने माता की प्रतिमा स्थापना के लिए भव्य पंडालों का निर्माण करवाया है। कई कारीगर अभी पंडालों को अंतिम रूप दे रहे हैं। इसे देखते हुए समिति के लोग माता की स्थापना अलग-अलग मुहूर्त में करने वाले हैं। इस बार भी बैरन बाजार, बैजनाथपारा, पुरानी बस्ती, लाखेनगर चौक, टिकरापारा, शंकर नगर सहित सभी क्षेत्र में आयोजकों ने पंडालों को दिव्य स्वरूप दिया है।

**देर रात तक पंडाल में लाई जाती रहीं देवी मूर्तियां**

#### मूर्तिकारों के पास से लाई गई मूर्ति

आदिशक्ति की स्थापना के लिए समितियों ने माना, अमलेश्वर, रायपुरा क्षेत्र के मूर्तिकारों को आर्डर दिए थे। बुधवार को देर रात तक मूर्तियों को पंडाल में लाने का सिलसिला चलता रहा। आज दिनभर स्थापना के क्रम के साथ ही उत्सव का माहौल प्रारंभ हो जाएगा। इसके लिए देवी धाम ही नहीं, पंडालों में भी पंडा, बैगा, पुरोहितों के साथ जसगीत टोलियों को न्योता दिया गया है। इनकी अगुवाई में गुरुवार से माता की सेवा शुरू होगी। यहां रोज पुरोहित जहां दुर्गा पाठ करेंगे, वहीं पंडा व बैगा-ज्योत-कलश की जिम्मेदारी संभालेंगे। शाम को बैगा जसगीत टोली के साथ मौजूद रहेंगे, क्योंकि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भी माता के सामने झूपने लगते हैं, उनकी शांति बैगा कराते हैं।







#### एक दिन पहले तक होता रहा ज्योति के लिए पंजीयन

देवी धाम में मनोकामना ज्योत जलवाने वाले परिवार भी शारदीय नवरात्र के पहले दिन होने वाली घट स्थापना व पूजा में हर साल की तरह शामिल होंगे। इससे पहले बुधवार की देर-शाम तक ज्योत जलवाने के लिए श्रद्धालुओं का देवी-धाम में तांता लगा रहा। हर साल स्थापना के एक पहले तक लोग ज्योत जलवाने के लिए रसीद कटवाने पहुंचते रहे। इसे देखते हुए सभी मंदिरों में क्षमता के अनुरुप ज्योत-जंवारा के लिए व्यवस्था की गई है।

# सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या... विदा हुए पितर



**रायपुर।** सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तिथि पर बुधवार को ज्ञात-अज्ञात पितरों की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक तरीके से नियम का पालन करते हुए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान का विधान किया गया। तर्पण और दीपदान के लिए प्रातःकाल से ही तालाब और महादेव घाट में लोग पहुंचने लगे। दान की परंपरा निभाने के बाद पारंपरिक भोग को प्रसाद के रूप में बांटा गया।



कई संस्थाओं ने पितर पक्ष के अंतिम दिन निभाई जिम्मेदारी

#### मठ की सफाई

श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर सरजू बांधा तालाब के किनारे मृतकों की आत्मा की शांति के लिए सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या पर श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान विधि-विधान से किया गया। सरजूबांधा शमशान घाट विकास समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव और सचिव गोवर्धन झंवर के मार्गदर्शन में इस बार भी मुक्तिधाम में वर्षों से बने हुए मृतकों के कच्चे-पक्के मठ के पास सफाई की गई।

#### महिलाओं ने किया तर्पण

सर्व ब्राह्मण समाज ने अज्ञात पितरों को तर्पण दिया। देश एवं प्रदेश की सुरक्षा में आतंकी और नक्सली हमले में शहीद हुए जवानों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान किया गया। ब्राह्मण समाज 2008 से श्राद्ध का आयोजन करता आ रहा है, लेकिन 2019 से समाज की महिलाओं ने अनुष्ठान शुरू किया। सुबह महादेव घाट में महिलाएं एकजुट हुई। खारून नदी में तर्पण करने के बाद ज्ञात-अज्ञात महिलाओं एवं लोगों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान किया। रत्ना शर्मा, शिखा शर्मा, शशि पांडे, ममता सहित समाज की अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## खबर संक्षेप



### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** माना थाने की पुलिस ने डुमरतराई थोक सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने आए कारोबारी के पिकअप वाहन से नकदी 50 हजार रुपए चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बिरगांव में सब्जी का कारोबार करने वाले टिंकू सोनी की शिकायत पर धनेश्वर पटेल को गिरफ्तार किया गया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी फरार है। सब्जी मंडी में भीड़ होने की वजह से कारोबारी ने अपना पिकअप सब्जी मंडी के गेट के पास खड़ा कर दिया था। इस बात का फायदा उठाते हुए धनेश्वर तथा उसके साथी ने पिकअप की सीट के नीचे रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया था।

## निधन

### सुशील कुजूर



**रायपुर।** बैरनबाजार निवासी सुशील कुजूर (45) का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे टिकरापारा कैथोलिक कब्रिस्तान में किया जाएगा।

### मांडवी देवी गौराहा



**रायपुर।** धरसींवा के ग्राम भिलौनी निवासी मांडवी देवी गौराहा (90) का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कोटा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अशोक, अश्विनी, आलोक गौराहा एवं शकुंतला और सुभद्रा की माता थीं।

### अतुर देवी सचदेव



**रायपुर।** सुमीत सिटी ऑफ ड्रीम्स, कचना निवासी अतुर देवी सचदेव का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 अक्टूबर को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे माधव, अशोक, हरदास, वासु, पवन सचदेव की माता थीं।

### अक्षय बजाज



**रायपुर।** दीक्षा नगर निवासी अक्षय बजाज का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 2 अक्टूबर को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे बलराम बजाज के पुत्र और आशीष, शुभम बजाज के भाई थे।

### हरजीत कौर सेहमी



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर बजाज कालोनी निवासी हजीत कौर सेहमी (75) का 2 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे न्यू राजेंद्र नगर काली माता श्मशानघाट में किया जाएगा। वे सरदार जागीर सिंह सेहमी की पत्नी और प्रकाश सिंह व स्व. तजिन्दर सिंह सेहमी की माता थीं।

**शपथ पत्र (नाम परिवर्तन)**

मैं तेज्या राज सिंघई पिता आनंद सिंघई निवासी 505, एक्सोटिका, टी.वी. टावर के सामने, अनुपम नगर रायपुर छ.ग. शपथपूर्वक निम्नानुसार कथन करता हूं :-

1. मेरा जन्म नाम तेजांश सिंघई पिता आनंद सिंघई था।
2. मैंने नाम बदलकर तेज्या राज सिंघई पिता आनंद सिंघई कर लिया है।
3. मुझे भविष्य में मेरे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम तेज्या राज सिंघई पिता आनंद सिंघई के नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

शपथकर्ता
तेज्या राज सिंघई

सत्यापन

मैं तेज्या राज सिंघई पिता आनंद सिंघई निवासी 505 एक्सोटिका, टीवी टावर के सामने, अनुपम नगर रायपुर छ.ग. सत्यापन करता हूं कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 से 3 तक के सभी कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास से सत्य एवं सही है।

सत्यापनकर्ता
तेज्या राज सिंघई

दिनांक 02/10/2024
मो. 8319339001

# मच्छर उन्मूलन के लिए न कंट्रोलरूम बना, न टोल फ्री नंबर का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहवासियों को मच्छरों के डंक से राहत दिलाने के मामले में नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग फिसड्डी साबित हो रहा है। शहर में मच्छर उन्मूलन के लिए फागिंग का काम वार्ड स्तर पर नियमित रूप से नहीं होने और एंटी लार्वा अभियान में कोताही के कारण मच्छरों की समस्या से लोग परेशान हैं। हालांकि निगम प्रशासन ने शहर 70 वार्डों में मच्छरों के उन्मूलन के लिए पहली बार निजी एजेंसी को ठेका दिया है, पर अनुबंधित एजेंसी ने अब तक अपना काम शुरू नहीं किया। यहां तक कि निगम के स्वास्थ्य महकमे ने जनता की सुविधा के लिए कंट्रोलरूम की स्थापना भी नहीं की है।

## शहरवासी मच्छरों से परेशान, वार्डों में फागिंग और एंटी लार्वा छिड़काव बंद

**खास बातें**

- नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग बेसुध
- मच्छरों के उन्मूलन के लिए पहली बार निजी एजेंसी को दिया ठेका




### वर्कआर्डर कर दिया है

अनुबंधित एजेंसी को वर्कआर्डर जारी किया गया है, आम जनता की सुविधा के लिए मुख्यालय में कंट्रोलरूम जल्द खोला जाएगा।
- डॉ. तृप्ति पाणिग्रही, स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम रायपुर

नगर निगम प्रशासन शहर में मच्छर उन्मूलन को लेकर गंभीर नहीं है। शहर के कुछ अंदरूनी व आउटर के इलाकों में फागिंग नही होने से लोगों ने इसकी शिकायत संबंधित जोन दफ्तर में दर्ज कराई है, पर डीजल की कमी और फागिंग मशीन खराब होने का हवाला देते हुए फागिंग नहीं कराई जा रही है। मुख्यालय के स्वास्थ्य विभाग ने 70 वार्डों में एक साथ एकीकृत योजना बनाकर मच्छर उन्मूलन कार्य के लिए ऑनलाइन टेंडर भी किया। इसमें दुर्ग की एजेंसी को 1 करोड़ 3 लाख में ठेका मिला है। अनुबंधित एजेंसी को 100 कर्मचारी रखकर यह काम करना है। सूत्रों के मुताबिक आज तक यह काम शुरू नहीं हो पाया है, यहां तक कि मच्छर उन्मूलन के कार्य पर नजर रखने निगम मुख्यालय में कंट्रोलरूम भी नहीं खुला।

## पायलट, महंत, बघेल, सिंहदेव सहित वरिष्ठ नेता पदयात्रा में हुए शामिल

# न्याय यात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत, सभास्थल पर उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गिरौदपुरी से शुरू हुई 6 दिन की न्याय यात्रा का समापन बुधवार को रायपुर के गांधी मैदान पर हो गया। सड्डू से गांधी मैदान तक 8 किमी तक सैकड़ों स्थानों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न व्यापारिक संगठनों, आम नागरिको ने यात्रा का स्वागत किया। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा और शहर के महापौर एजाज ढेबर सहित पार्षदों और एमआईसी मेंबर ने भी कई जगहों पर पंडाल लगाकर स्वागत किया। गांधी मैदान पर आयोजित सभा में ठसाठस भीड़ रही। कार्यक्रम के खत्म होने से पहले तक विभिन्न वार्डों से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

- विभिन्न वार्डों से आए कांग्रेसी कार्यकर्ता हुए शामिल

सड्डू से सुबह सेवादल द्वारा झंडोत्तोलन, ध्वज गीत और राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत के गायन के साथ यात्रा की शुरुआत हुई। न्याय यात्रा के पंडरी प्रवेश के साथ ही छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, सह-प्रभारी एसए सम्पत, जरिता लेफतलांग, विजय जांगिड़ सहित वरिष्ठ नेता पदयात्रा में शामिल हुये। बड़े नेताओं शामिल होने के साथ ही रास्ते में वार्ड पार्षद और पदाधिकारियों ने अपने क्षेत्र में पद यात्रियों के स्वागत फूल माला पहना कर किया। रायपुर पहुंची न्याय पदयात्रियों का पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पंडरी में नगर निगम के पार्षद एवं संस्कृति विभाग के भार साधक आकाश तिवारी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ स्वागत किया। महापौर एजाज ढेबर सैकड़ों साथी के साथ रैली में शामिल हुए।

सचिन पायलट एवं प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज का बीमा कार्यालय के पास निर्मित मंच पर गज माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम दौरान रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### कांग्रेस जनों ने किया भव्य स्वागत : विकास

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं का हजारों महिलाओ ने कांग्रेस जनों का भव्य स्वागत किया। विकास उपाध्याय कहा, न्याय यात्रा का गांधी मैदान पर समापन हुआ। विकास उपाध्याय ने हजारों महिलाओं एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम मुख्यालय के समीप छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव एवं नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत का आत्मीय एवं भव्य रूप से स्वागत किया।

### कांग्रेस को क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए : साय



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस की ओर से निकाली जा रही न्याय यात्रा को लेकर कहा, कांग्रेस को न्याय यात्रा की जगह क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए। 2018 के विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओर से जो वादे किए गए थे, उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं हुआ है, इसी कारण 2023 के विधानसभा चुनाव में जनता ने उन्हें आउट कर दिया। 5 साल तक उन्होंने छत्तीसगढ़ का विकास रोका। छत्तीसगढ़ की जनता के साथ विश्वासघात किया, इसलिए उन्हें क्षमा यात्रा निकालनी चाहिए।

### कांग्रेस को पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए : नवीन

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय ने कहा, कांग्रेस पार्टी को न्याय यात्रा नहीं, बल्कि पश्चाताप यात्रा निकालनी चाहिए। पिछले 5 साल जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही तब संत गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी से यह यात्रा प्रारंभ की है। प्रदेश में जब भाजपा की सरकार थी तब कुतुब मीनार से भी ऊंचा जैतखाम बनाया गया इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र का भी विकास भाजपा के शासनकाल के दौरान हुई। गुरु घासीदास की जन्म स्थल को मंदिर भी भाजपा की सरकार नहीं बनाई, लेकिन पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार रही और इन 5 वर्षों में विकास के नाम पर उस पवित्र स्थल में विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं रखी।



### अन्याय करने वाले न्याय यात्रा निकाल रहे यह समझ से परे : श्रीवास्तव

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की न्याय पदयात्रा को सुपर फ्लॉप शो बताते हुए कहा, राहुल गांधी की न्याय यात्रा का पूरे देश में हश्र देखने के बाद भी चाटुकारिता की संस्कृति के तहत छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की निकली न्याय यात्रा का हाल उसे भी बुरा हुआ है। उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, यह यात्रा कांग्रेस के लिए एक अच्छा अवसर था कि जब कांग्रेस प्रदेश के 18 लाख लोगों को 5 साल तक आवास न देने की गलती की माफी मांग सकती थी। कांग्रेस की इस तथाकथित न्याय यात्रा का स्वागत गंभीर अपराधों में संलिप्त अपराधी और जिलाबदर हुए अपराधी कर रहे थे। बड़े-बड़े फ्लेक्स लगाकर अपराधियों ने कांग्रेस की इस तथाकथित न्याय यात्रा का स्वागत किया। इससे इस तथाकथित न्याय यात्रा पर सवालिया निशान लगा है। सत्ता छिन जाने से छटपटाती और मुद्दों से भटकी कांग्रेस की तथाकथित न्याय यात्रा में अपनी संस्कृति के अनुसार आपसी सिर-फुटौव्वल झगड़े, बैनर-पोस्टर तक फाड़े गए।

## सीएम ने किया 'धोलिदा' गरबा इवेंट का पोस्टर विमोचन




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 9 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले 'धोलिदा' गरबा इवेंट का भव्य पोस्टर विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को मनाने का एक अनूठा अवसर है, जिसमें केंद्रीय भारत का सबसे बड़ा गरबा इवेंट होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन का संचालन 'गुंजन्स आयोजन' द्वारा किया जा रहा है और यह 'हुक्म का ललित महल' रायपुर में होगा। धोलिदा का प्रिंट मीडिया पार्टनर हरिभूमि है। इस आयोजन के निर्देशक गुंजन चौहान चंदेल ने बताया कि 'इस साल हम गरबा को छत्तीसगढ़ी संस्कृति के थीम पर पेश करेंगे। यह हमारे राज्य की अद्भुत सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।'

### प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी सीएम से की मुलाकात



**रायपुर।** अपनी समस्याओं को लेकर साईंनगर जोरा के प्रतिनिधिमंडल ने गत दिनों डिप्टी सीएम अरुण साव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में होने वाले नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही करीब 3 करोड़ रुपए के प्रस्तावों को साईंनगर जोरा में नई नालियों और सड़कों के निर्माण के लिए निगम आयुक्त द्वारा नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक की ओर विगत दिनों भेजा गया है, उसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने के लिए डिप्टी सीएम से प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रबल पहल की गई है, जिसको उनकी ओर से सहर्ष स्वीकारा भी गया। मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी, पूर्व सचिव संतोष शर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष सुरेश सोनी, छगनलाल साहू और श्याम सुंदर राय आदि शामिल थे।

## खाड़ी में बना साइक्लोन तो प्रदेश में पांच से बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवाती घेरा रूप बदलकर साइक्लोन बन जाता है, तो पांच अक्टूबर से प्रदेश में बारिश की गतिविधि बन सकती है। तीन दिन तक इसका असर दक्षिण, मध्य फिर उत्तर तक रहने की संभावना है। अभी भारी उमस और दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार होने की वजह से लोग चिपचिपी गर्मी से काफी परेशान हैं।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अक्टूबर में मानसूनी गतिविधि कम रहती है, मगर बंगाल की खाड़ी में बनने वाले सिस्टम और साइक्लोन की वजह से प्रदेश में यदा कदा बारिश हो जाती है। आने वाले दिनों में भी कुछ इसी तरह की स्थिति बनने के आसार हैं। अभी दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश और उसके आसपास एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा मौजूद है। इसके साथ एक द्रोणिका इस ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर अंडमान सागर तक विस्तारित है। अनुमान है कि चार अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में आने के बाद यह निम्न दाब के रूप में परिवर्तित हो जाएगा। इसके प्रभाव से पांच अक्टूबर से प्रदेश के दक्षिणी भाग से प्रारंभ होकर सात अक्टूबर को उत्तर छत्तीसगढ़ में वर्षा होने की संभावना बन रही है। अभी राजधानी समेत पूरा प्रदेश उमस भरी गर्मी से परेशान है। माना जा रहा है कि साइक्लोन की वजह से 10 अक्टूबर तक बादल रह सकता है। इसके बाद पुनः आसमान साफ होते ही तापमान के साथ तेज गर्मी अपना असर दिखाएगी।

## शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर ठगी, रायपुर-दुर्ग से चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू करने के नाम पर ठगी करने वाले जालसाजों के लिए बैंक अकाउंट, सिम कार्ड उपलब्ध कराने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने सात जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इनमें से चार जालसाज रायपुर तथा दुर्ग के रहने वाले हैं। तीन करोड़ रुपए की ठगी के पांच अलग-अलग मामलों में पूर्व में पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने जालसाजों की मदद करने वाले चार स्थानीय मददगारों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जालसाजों के अकाउंट से 70 लाख रुपए होल्ड कराया है।

- जालसाजों ने तीन करोड़ रुपए की ठगी की थी

रेंज साइबर पुलिस द्वारा जारी बयान के मुताबिक शेयर ट्रेडिंग तथा गूगल रीव्यू टास्क के नाम पर ठगी करने के पांच अलग-अलग मामलों में अब तक सात आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। जालसाजी के आरोप में पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया है, उनमें पश्चिम बंगाल, कोलकाता निवासी सोमनाथ सरदार, दुर्ग, भिलाई निवासी प्रेम चंद्राकर, पुरुषोत्तम देवांगन, धरमपुरा निवासी हिमांशु निर्मलकर, मध्यप्रदेश, इंदौर निवासी मेहुल प्रजापति, सुंदर नगर निवासी वासु मानिक, टिकरापारा निवासी लुपेश साहू के नाम शामिल हैं।



### ठगी के पैसों से लग्जरी गाड़ी के साथ घर बनवाया

पुणे में कॉल सेंटर संचालित करने की आड़ में ठगी करने के आरोप में पकड़े गए प्रेम चंद्राकर ने ठगी के पैसों से भव्य मकान बनवाने के साथ लग्जरी कार खरीदी है। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता मेहरा से साढ़े 29 लाख की ठगी की थी। पुलिस के अनुसार प्रेम ने श्वेता के साथ देश के अलग-अलग राज्य के लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। पुलिस के अनुसार ठगी के पैसों से प्रेम का लाइफ स्टाइल काफी लग्जरियस था। पूर्व में गिरफ्तार प्रेम का एक साथी जो गुजरात का रहने वाला है, उसके कब्जे से पुलिस ने पांच सौ बैंक अकाउंट जब्त किया है।

### जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड उपलब्ध कराया

दुर्ग निवासी पुरुषोत्तम देवांगन ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसके माध्यम से जालसाजों को छह सौ से ज्यादा सिम कार्ड पहुंचा है। पुलिस के अनुसार एक सिम कार्ड के बदले पुरुषोत्तम को पांच सौ से एक हजार रुपए तक मिलते थे। पुरुषोत्तम पेशे से एक मोबाइल कंपनी का सिम बेचने का काम करता था। पुरुषोत्तम ने जालसाजों को जो सिम कार्ड उपलब्ध कराया है, पुलिस उसे डिएक्टिवेट कराने की बात कह रही है।

### डिजिटल अरेस्ट कर ठगी भिलाई का युवक गिरफ्तार

एक अन्य मामले में उत्तराखंड एसटीएफ के टीम पिछले दिनों डिजिटल अरेस्ट कर 43 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में भिलाई के किसी मोनू नामक युवक को गिरफ्तार कर अपने साथ देहरादून लेकर गई है। मोनू के अकाउंट में एक करोड़ 27 लाख रुपए का संदिग्ध लेन-देन पाया गया है। जालसाजों ने हरिद्वार के एक कारोबारी को कॉल कर उनके नाम का इरान से पार्सल आने का झांसा देकर दो अवैध भारतीय पासपोर्ट, पांच किलो प्रतिबंधित दवा तथा 50 ग्राम ड्रग्स होने का झांसा देकर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी की थी। ठगी की रकम मोनू के अकाउंट के माध्यम से ट्रांजेक्शन की गई थी।

### 50 हजार रुपए किराए पर बैंक अकाउंट

पुलिस के अनुसार जालसाजों को रकम ट्रांसफर कराने बैंक अकाउंट उपलब्ध कराने के आरोप में टिकरापारा निवासी हिमांशु निर्मलकर को गिरफ्तार किया गया है। उसने एसबीआई में मेहुल इंटरप्राइजेस के नाम से करंट अकाउंट खुलवाया। इसके बाद उसने जालसाजों को 50 हजार रुपए किराए पर अपना बैंक अकाउंट उपलब्ध कराया। इसी तरह से वासु मनिक तथा लुपेश साहू ने एसबीआई में मनिक इंटरप्राइजेस नाम से करंट अकाउंट खुलवाया। इसके बाद दोनों ने अकाउंट डिटेल जालसाज मेहुल को दे दिया। पुलिस के अनुसार महज 19 तथा 20 साल के रायपुर के दोनों जालसाजों ने ठगी की रकम से अपने लिए महंगे मोबाइल सेट खरीदे हैं।

## पेज 13 के शेष ...

### कबाड़ होने लगे .....

पार्किंग के पिछले हिस्से में सालों तक विभिन्न मौसम में खुले में पड़े होने के बाद बारिश से बचाव के लिए पॉलिथीन से ढका गया है। जानकार लोगों का कहना है, सबसे नीचे दबे इन लोहे के सिलेंडरों में जंग भी लग चुकी है। इनका रखरखाव अगर सही तरीके से नहीं किया गया, तो कुछ समय बाद इनके पूरी तरह खराब होने की आशंका है। इस बारे में अधिकारियों का कहना है कि आपातकाल को ध्यान में रखते हुए इन सिलेंडर को रखा गया है, जो जरूरत के सामान थे, उन्हें विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में भिजवाया गया है।

### ट्रैफिक पुलिस ने .....

ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने जितना स्वीकृत बल है, ट्रैफिक पुलिस के पास वर्तमान में उतना बल भी नहीं है। शहर का जिस स्तर में विस्तार हो रहा है, उस लिहाज से ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेव्हलपमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक जिले में ट्रैफिक पुलिस की संख्या दो हजार 388 होनी चाहिए। स्वीकृत बल 463 है। वर्तमान में 417 का बल है।

**जर्जर वाहन से पेट्रोलिंग :** ट्रैफिक पुलिस के पास वर्तमान में पेट्रोलिंग करने 32 वाहन हैं, उनमें से 22 वाहनों की हालत काफी जर्जर है। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के मुताबिक पेट्रोलिंग वाहनों में आए दिन कोई न कोई तकनीकी खराबी आती रहती है। इसके कारण उन वाहनों में सुधार करने स्टेट गैरेज ले जाना पड़ता है। इसके चलते पेट्रोलिंग करने में ट्रैफिक पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**नो पार्किंग में कार्रवाई कैसे होगी :** नो पार्किंग में दोपहिया तथा चारपहिया वाहन पार्क करने वालों की गाड़ी उठाने वर्तमान में एक टोइंग क्रेन है, जिससे चारपहिया वाहन को टो किया जाता है। इसके साथ ही तीन हैवी क्रेन हैं, जिससे दोपहिया वहानों को उठाया जाता है। इनमें हैवी क्रेन की स्थिति काम चलाऊ है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार चार पहिया वाहन टो करने कम से तीन टोइंग क्रेन की जरूरत है।

### बदले जाएंगे सरकारी ....

अधिष्ठाता के भरोसे चल रहा है। आधा दर्जन मेडिकल कालेजों में पदस्थ डीन के सेवाकाल को करीब तीन साल पूरा हो चुका है, जिसके बाद उनके बदलाव की चर्चा शुरू हो गई थी। वहीं प्रभारी के भरोसे कामकाज पूरा कर रहे मेडिकल कालेजों को स्थायी डीन दिए जाने का हल्ला भी जोर पकड़ने लगा था।

इस चर्चाओं के बीच कई कालेजों के वरिष्ठ डाक्टरों के नाम पर भी चर्चा होने लगी थी और बात यह तक सामने आ गई थी कि बदलाव के लिए नामों की फाइल तैयार हो चुकी है और आदेश भी जल्दी जारी किया जा सकता है। बदलाव की चर्चा इतनी जबरदस्त थी कि अपना कार्यकाल पूरा कर चुके डीन हटने का मूड बना चुके हैं, जिसका असर महाविद्यालयों में होने वाले कामकाज पर दिखने लगा है। सूत्रों के मुताबिक कालेजों के प्रशासनिक कार्यों के बड़े कामों के साथ नियमित और रूटीन कार्यों की फाइलें भी अटक रही हैं।

### छत्तीसगढ़ में अब .....

अधिक ब्रांड के लिए रेट कांट्रेक्ट हो चुका है। अब संबंधित शराब निर्माता कंपनियों की ओर से सप्लाई शुरू कर दी गई है। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों की शराब की खेप राज्य में आना शुरू हो गई है।

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

SUNDAY OPEN

29 YEARS Experience of Quality Stitching

पोषाक ऐसा जो आपके त्यौहारों की चमक बढ़ा दें...

VIKAS VASTRAM SHOPPING FESTIVAL

नवरात्री विशेष ऑफर मात्र 1599/- से प्रारंभ 3पीस कुर्ता पायजामा जैकेट सहित

दुल्हा-दुल्हन के आधुनिक वस्त्र तैयार करते है हम...




Laxmipati | SUBHASH | Raymond | Siyaram's | OCM | SÖKTAS | Arvind | Solino | LINEN CLUB | CADINI | BURGOYNE

फैमिली शॉप : ब्रांडेड फैंसी साड़ी | कुर्ती | ब्रांडेड किड्स वेयर | ब्रांडेड मेन्स वेयर | ब्रांडेड सूटिंग शर्टिंग पर 50% तक आकर्षक छूट

VASTRAM Complete Family Wear

Vikas® Men's Fashion Club

- शॉप नं. एफ-136, टेक्सटाईल मार्केट, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 74704-52510
- नेशनल कॉरपोरेट पार्क, शॉप नं. 13, जी.ई. रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-4043300
- पुराना धमतरी रोड, डूण्डा, रायपुर (छ.ग.) मो. 97529-56881
- विकास टॉवर, वस्त्रम् महादेव घाट रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-4915991
- लक्ष्मी नारायण मंदिर रोड, कोटा, रायपुर (छ.ग.) फोन नं. 0771-2575216

www.vikastailor.com



नमो नमो दुर्गे सुख करनी
नमो नमो अम्बे दुःख हरनी

शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं...

लाल रंग की चुनरी से सजा
माँ का दरबार
हर्षित हुआ मैं पुलकित हुआ संसार



जय अग्रसेन जय अग्रोहा



समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



बाँके बिहारी अग्रवाल
महासचिव-छत्तीसगढ़ स्टील री रोलर्स एसोसिएशन
HOLIC FOUNDATION

महाराजा अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि की प्रदेश की समस्त जनता को





हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
रायपुर-सांसद एवं पूर्व केबिनेट मंत्री (छ.ग. शासन)

विनीत: रायपुर स्वागत एवं प्रोत्साहन समिति



चाबीयाँ
➢ कार के ECM भी बनाये जाते है।
➢ रिमोट रिपेयर भी किये जाते हैं।
सोनी मेटल वर्क्स
आमापारा चौक रायपुर (छ.ग.)
98275-98180



नवरात्री की समस्त भनपुरी एवं प्रदेशवासियों को बधाई...एवं शुभकामनाएं...

श्रीमती सुमित्रा जितेन्द्र साहू
छाया पार्षद-यति यतन लाल वार्ड नंबर 4 भनपुरी मंडल, रायपुर ग्रामीण

हेयर रिप्लेसमेंट मात्र 1 घंटे में
बिना सर्जरी के अमेरिकन तकनीक से



SINCE : 2004
हेयर एण्ड केयर विंटिंग प्वाइंट

हेड ऑफिस शॉप 19, प्रथम तल, समर्थित शिखर, एकात्म परिसर के सामने, रजबंधा मैदान, रायपुर (छत्तीसगढ़) मो.: 9827103630

द्वितीय तल, रॉयल इंफिल्ड शोरूम के ऊपर, टाटा मोटर्स के बाजू, संजय नगर, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई मो.: 7880103630

## खबर संक्षेप



### सिंधी फिल्म का किया पोस्टर विमोचन

**रायपुर।** वीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति के पदाधिकारी द्वारा 20 अक्टूबर को श्याम टॉकीज में 6 से 9 से 12 तक हर-हर हेमू कलाणी फिल्म प्रदर्शित करने जा रही है जो की पूर्ण रूप से समाज जन के लिए निशुल्क रहेगी। इसी कड़ी में बुधवार को गुरु अनंत पुरी गोस्वामी साहब के दरबार में दुर्गा माता मंदिर लिली चौक पर सभी पदाधिकारी एकत्रित हुए। इसी दौरान अनंतपुरी गोस्वामी ने सिंधी फिल्म के पोस्टर का विमोचन किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष किशोर आहूजा और अनेश बजाज ने बताया कि मीडिया प्रभारी भरत पमनानी, कार्यक्रम प्रभारी गौरव मंधानी, त्रिलोक चंद चिमनानी, प्रेम बिरनानी ने भी इस फिल्म के प्रदर्शन पर विचार व्यक्त किया। विमोचन के अवसर पर त्रिलोक चंद चिमनानी, प्रेम बिरनानी, भरत पमनानी, गौरव मंधानी, रतन मखीजा, कुंदन मखीजा, दीपक केवलानी, राजू वासवानी अन्य लोक उपस्थित थे।

### सच्चियाय माता की भव्य शोभायात्रा 6 को

**रायपुर।** श्री सच्चियाय माता सेवक संघ द्वारा 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे श्री सच्चियाय माता कुलदेवी (ओसियां) की भव्य शोभायात्रा मंडी गेट पंडरी स्थित मंदिर से प्रारंभ होगी। समिति के सदस्य राजकुमार राठी ने बताया कि शोभायात्रा का समापन गुजराती स्कूल, देवेंद्र नगर में होगा। इसके बाद सामूहिक पूजा कर महाआरती की जाएगी। उन्होंने बताया कि महाआरती के बाद माता को 56 भोग चढ़ाया जाएगा, जिसके बाद शाम को रास गरबा एवं महाप्रसादी का आयोजन किया गया है।



### तूता के धरना स्थल पर जुटे एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक

# वेतन विसंगति दूर करने सहित पांच सूत्रीय मांग, शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के सहायक शिक्षकों ने वेतन विसंगति दूर करने, सभी एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत व समयमान वेतनमान देने सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर जुटे शिक्षकों ने सांकेतिक प्रदर्शन कर अपने हक की आवाज बुलंद की।

मोर्चा के प्रांत संचालक वीरेंद्र दुबे, मनीष मिश्रा, संजय शर्मा और विकास राजपूत ने संयुक्त रूप से कहा कि संविलयन प्राप्त शिक्षक विभिन्न विसंगतियों से घिरे हुए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना न कर संविलयन तिथि से सभी लाभ दिए जाने संबंधी शासन के निर्णय से शिक्षक एलबी संवर्ग अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। संविलयन तिथि से गणना करने पर न तो पुरानी पेंशन में पूर्ण लाभ मिलेगा और न ही क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान का लाभ। इससे सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग के वेतन में भारी विसंगति आ गई है। 1 नवंबर के दिन प्रदेशभर के शिक्षक दीप जलाकर अधिकार मांगेंगे। इसी तरह 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकासखंडों में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांगपत्र सौंपा जाएगा। 25 नवम्बर को इंद्रावती भवन से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांगपत्र सौंपने का निर्णय लिया गया है।

■ 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में सौंपेंगे ज्ञापन



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोचा के सत्याग्रह पदयात्रा में चंद्रशेखर तिवारी, धर्मेश शर्मा, कृष्णराज पांडे, घनश्याम पटेल, भानु डहरिया, सुधीर प्रधान, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढय, बसंत कौशिक, हेम साहू, गिरीश साहू, उमा जाटव सहित प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

### एक ही पद पर कर रहे काम, पदोन्नति का लाभ नहीं

हड़ताली सहायक शिक्षकों का कहना है, एक ही पद पर 20 से 24 साल तक काम करने के बाद भी उन्हें पदोन्नति का लाभ नहीं मिल रहा है। इससे शिक्षक एलबी संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है। आंदोलन के अगले चरण में 14 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों में मुख्यमंत्री के नाम मूल मांग सहित देय तिथि से लंबित महंगाई भत्ता व एरियर्स की मांग करने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### खाद्य अधिकारी, निरीक्षक सहायक अधिकारियों ने दिया धरना




छत्तीसगढ़ खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों के खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी और खाद्य अधिकारियों ने बुधवार को नवा रायपुर के तूता में एक दिवसीय धरना दिया। उनकी प्रमुख मांगों में खाद्य निरीक्षक व सहायक खाद्य अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करने, खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नति और सीधी भर्ती के अनुपात को पूर्व की भांति रखने, दुकानों में सही मात्रा में खाद्यान्न भंडारण कर वितरण व्यवस्था की जटिलताओं को दूर करने संबंधी शामिल है। खाद्य अधिकारियों ने विभागीय मंत्री दयालदास बघेल के आश्वासन पर धरना समाप्त किया।

## छत्तीसगढ़ नगर में दशहरा मैदान पर 45 फीट का लंकेश, मेघनाथ का पुतला 35 फीट का

■ 8 कारीगर 20 दिनों से तैयारी में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा क्षेत्र के छत्तीसगढ़ नगर स्थित दशहरा मैदान पर विजयादशमी पर्व पर 45 फीट के लंकेश का पुतला आकर्षण का केंद्र रहेगा। इसी तरह कुंभकरण के पुतले का कद भी 45 फीट रहेगा। वहीं मेघनाथ के पुतले की ऊंचाई 30 फीट रहेगी। 8 सदस्यीय कारीगर पिछले 20 दिनों से पुतला निर्माण कार्य में दिन-रात जुटे हुए हैं। विजयादशमी के दिन छत्तीसगढ़ में अंचल के लोकप्रिय कलाकार दुष्यंत हरमुख की सांस्कृतिक संस्था रंगझरोखा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देने मौजूद रहेगी। दशहरा उत्सव की तैयारी को लेकर छत्तीसगढ़ नगर दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। सदस्यों ने गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दशहरा उत्सव की तैयारियों के संबंध में चर्चा कर उनसे सुझाव लिये। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बताया, दशहरा मैदान में 16वें वर्ष विजयादशमी का पर्व उत्साह के साथ मनाने कोलकाता के आतिशबाजों को आमंत्रित किया गया है। रावण दहन के बाद आमंत्रित कलाकार जयतारा स्पेशल इफेक्ट के माध्यम से इलेक्ट्रानिक आतिशबाजी करेंगे। इसके साथ ही ग्राम सोनपैरी की पुष्पांजलि मानस मंडली के कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जायेगा।



■ दुष्यंत हरमुख की रंगझरोखा प्रस्तुत करेगी सांस्कृतिक कार्यक्रम

### पितृमोक्ष अमावस्या पर मंत्रोच्चार के साथ किया सामूहिक तर्पण

**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित आसाराम आश्रम में पितृ मोक्ष अमावस्या पर सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया गया। इसमें राजधानी सहित प्रदेशभर से आये श्रद्धालुओं ने अपने पितरों का तर्पण किया। सत्संग हाल में मंत्रोच्चार के साथ सामूहिक श्राद्ध कराया गया। आश्रम में कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे गुरुवंदना से हुई। इसके बाद सामूहिक रूप से मंत्रोच्चार सहित सामूहिक श्राद्ध कराया गया। बाद में मंगल आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। योग वेदांत सेवा समिति रायपुर की ओर से 4 अक्टूबर को आत्म साक्षात्कार दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजन किया जायेगा।

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर स्वच्छता का संदेश फैलाया। महात्मा गांधी के विचारों को ध्यान में रखते हुए, अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को प्राथमिकता देना था। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉ. सत्यज तिवारी, एनसीसी कॉर्डिनेटर राजेंद्र पटेल, सहायक प्राध्यापक डॉ. अंजलि यादव, डीन डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव और अन्य सदस्यों के साथ-साथ छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने गांधी जी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस अभियान के माध्यम से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए एक बेहतर समाज बनाने की उम्मीद जताई है।



### डी-आर्ट के अनोखे और भरोसेमंद आइटम्स से सजाएं अपना घर

**रायपुर।** शॉप नं.-86, महालक्ष्मी मार्केट, पंडरी में स्थित डी-आर्ट स्टोर ने अपने ग्राहकों के लिए एक अनूठा और भरोसेमंद शॉपिंग अनुभव पेश किया है। यह स्टोर आपके घर को सजाने के लिए एक बेहतरीन जगह है, जहां शो-पीस, मेटल आर्ट, पेंटिंग्स, वॉल क्लॉक्स, मिरर, प्लांटर पॉट्स, आर्टिफिशियल प्लांट्स और अन्य आकर्षक आइटम्स उपलब्ध हैं। चाहे आप अपने घर को नया रूप देना चाहते हों या परफेक्ट गिफ्ट की तलाश में हों, डी-आर्ट आपकी सभी जरूरतों को पूरा करता है। डी-आर्ट में घर के हर कोने के लिए उपयुक्त सजावट के आइटम्स मिलते हैं। अगर आप अपने लिविंग रूम, बेडरूम या ऑफिस की सजावट करना चाहते हैं, तो यहां आपको हर जगह के लिए सही विकल्प मिलेंगे। प्लांटर पॉट्स और आर्टिफिशियल प्लांट्स आपके घर में प्राकृतिक सुंदरता लाने का एक बेहतरीन तरीका हैं।




### बालको मेडिकल सेंटर को मिला 'हॉस्पिटल ऑफ द ईयर' अवार्ड

**रायपुर।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित 'इकोनॉमिक टाइम्स हेल्थकेयर अवार्ड्स 2024' में रायपुर स्थित बालको मेडिकल सेंटर को 'हॉस्पिटल ऑफ द ईयर' का सम्मान प्राप्त हुआ है। यह अस्पताल विशेष रूप से अत्याधुनिक कैंसर उपचार सुविधाओं के लिए जाना जाता है। सेंटर की सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को ग्रहण किया। बालको मेडिकल सेंटर मध्य भारत में उन्नत चिकित्सा सेवाओं और कैंसर उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और यह पुरस्कार उसकी उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की स्वीकृति के रूप में देखा जा रहा है।



### राडा की नई कार्यकारणी का हुआ गठन



**रायपुर।** रायपुर आटोमोबाइल डीलर्स एसोसियेशन (राडा) ने 28 सितंबर को होटल सायाजी में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया। इस अवसर पर एफ.ए.डी.ए. (फाडा) के अध्यक्ष सी. एस. विगनेश्वेर, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित रहे। सभा में राडा के कार्यों का एक चल चित्र दिखाया गया, जिसमें पिछले दो वर्षों की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया गया। इसके बाद नई कार्यकारणी का गठन किया गया। अध्यक्ष रविंद्र भसीन, उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी, सचिव विवेक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष मुकेश सिंघानिया को सर्वसम्मति से चुना गया।

### रायपुर कॉन्वेंट विद्यालय के सचिव राहुल कसार को मिली डॉक्टरेट की मानद उपाधि




**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्च माध्यमिक विद्यालय, संतोषी नगर खमतराई के सचिव राहुल कसार को अमेरिका की वर्ल्ड पीस ऑफ यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। साथ ही राहुल कसार को वर्ल्ड ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन कमीशन की राष्ट्रीय स्थायी सदस्यता भी प्रदान की गई है। यह सम्मान समारोह नई दिल्ली के होटल अशोका में आयोजित किया गया, जहां केंद्र की चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर कविता बजाज ने कुलपति के हस्ताक्षरित मानद उपाधि, डॉक्टरेट इन एजुकेशन प्रमाण पत्र, अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए।






## शिविर में जुटे योगाचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय योग संस्थान द्वारा बीते 58 साल से 2 अक्टूबर को योग दिवस के रुप में मनाया जा रहा। इस अवसर पर मंगलवार को सामूहिक योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। शंकर नगर स्थित बीटीआई ग्राउंड में पांच सौ से अधिक योग संस्थान केंद्रों के सदस्यों ने मिलकर योग किया। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुई, जिसमें नवरात्रि की झलक देखने को मिली। भारतीय योग संस्थान के जिला प्रधान मुकेश सोनी ने ताड़ासन, कोणासन, धनुरासन, सरपासन, शलभासन, नौकासन का अभ्यास कराया। जिला प्रधान ने बताया, संस्थान द्वारा लोगों को योग के प्रति जागरुक करने के मुख्य उद्देश्य से योग दिवस की शुरुआत की गई थी। वर्तमान में शहर में ही विभिन्न केंद्र का संचालन किया जा रहा, जहां निःशुल्क में योग प्रशिक्षण दिया जाता है। कार्यक्रम के दौरान भावना खत्री,राजेश अग्रवाल, लता चौधरी,नीलम नवलानी, पूनम गेही, किरणप्रसाद, अंकिता नवलानी,रेखाप्रकाश बजाज, एएस राव,पवनअक्षय सुद मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

*राजधानी में संस्थान के 65 केंद्र*

*समारोह का शुभारंभ सुबह 6 बजे से किया गया, जहां समय से पूर्व ही लोगों की भीड़ ग्राउंड में देखने को मिली। इसमें घुटनाचालन, कटिचालन, स्कंधचालन, ग्रीवाचालन, तिर्यकताडासन, अश्वत्थासन, कोणासन, पश्चिमोत्तानासन, गौमुखासन कराया गया। राजधानी में भारतीय योग संस्थान द्वारा 65 क्रेंद्र का संचालन किया जाता है, जिसे 9 जोन में बांटा गया है।*


आवश्यकता है

हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।

योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक

वेतन 10,000 +

Resume Whatsapp करें

8370049468, 9098324969

हरिभूमि कार्यालय

पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर


### रक्तदान और मेगा स्वास्थ्य शिविर में 500 ने कराई जांच



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब आफ रायपुर वेस्ट और रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, बालाजी हॉस्पिटल मोवा के साथ रक्तदान एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त आयोजन किया गया। शिविर में सभी के प्रयास से 90 यूनिट रक्तदान किया गया और तकरीबन 500 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया, इस अवसर पर 18 वरिष्ठ लोगों का सम्मान भी किया गया। विधायक पुरंदर मिश्रा, रविवि के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, एआईजी ट्रैफिक पुलिस संजय शर्मा के अलावा प्रवीण अग्रवाल, विष्णु गोयल, रूपेश जैन, डॉ. राजेंद्र सिंघानिया, हरभजन बहल, रामानुज पुरोहित, गोपी माथानी, आरके गुप्ता, सीएस ठाकुर, सतीश भूटानी, विनोद काशिव, मनोज अग्रवाल, आईडी कलवानी, विजय अग्रवाल, श्रीकांत गुप्ता आदि उपस्थित थे।